प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08 अगस्त, 2019

स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस अध्ययनशाला के द्वारा विगत 30 वर्षों से कंप्यूटर मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट [एम.बीएॅ(सी.एम)] पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है | इस कोर्स में 30 सीटें हैं | कोर्स से पास आउट छात्र वर्तमान में देश-विदेश की बहु राष्ट्रीयकंपनियों में कार्यरत हैं |विभागाध्यक्ष डॉ संजय तनवानी ने बताया की वर्तमान की रोजगार आवश्यकताओं को देखते हु ए एम.बीएॅ(सी.एम) में इस वर्ष से कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट में स्पेशलाइजेशन प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में सेल्स फोर्स एवं सर्विसनाव (ServiceNow) पैकेजेस में विशेष प्रशिक्षण का प्रावधान दिया जायेगा| सेल्स फोर्स एवं सर्विसनाव दु नियाभर में सबसे तेजी से बढ़ने वाले सॉफ्टवेयर उत्पाद माने जाते हैं | उपरोक्त पैकेजेस के प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को आईटी के छेत्र में अच्छे रोजगार अवसर प्राप्त हो सकेंगे |

प्रोफेसर तनवानी ने बताया कि इसी तरह इस वर्ष से मास्टर ऑफ़ साइंस इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी [एम. एस.सी.(आईटी)] में इंटरनेट ऑफ थिंग्स [आई ओ टी (IoT)] स्पेशलाइजेशन प्रारम्भ किया जा रहा है |इस कोर्स में भी 30 सीटें हैं | इंटरनेट ऑफ थिंग्स उन संबंधित उपकरणों को संदर्भित करता है जो कंप्यूटर और मानव परस्पर उपकरणों की आवश्यकता के बिना एक नेटवर्क पर डेटा स्थानांतरित करने में सक्षम हैं। यह आज दु नियाभर में दैनिक जीवन शैली उत्पादों के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हु आहै। एक अध्ययन के अनु सार, भारत में आई ओ टी (IoT) उपकरणों की वर्तमान संख्या लगभग 60 मिलियन है जो 2020 तक बढ़कर लगभग 1.9 बिलियन हो जाएगी | सम्पूर्ण विश्व की बात करें तो यह संख्या विश्व में लगभग 25 बिलियन से आगे पहुँच जाएगी । आई ओ टी में रोज़गार की असीमित संभावनाएं मौजूद हैं | वर्ल्ड बैंक परियोजना से विभाग को तकरीबन 5 करोड़ रुपये अनुदान मिलने की संभावना है | इस अनुदान से उपरोक्त पाठ्यक्रम में विशेष प्रयोगशालाओं के निर्माण में मदद मिल सकेगी |

इन प्रयोगशालाओं से अध्ययनशाला में चल रहे अन्य पाठ्यक्रम, एम.सी.ए, एम.एस.सी.(सी.एस), बी .सी.ए, एम.टेक के छात्र-छात्रा भी लाभान्वित होंगे | अध्ययनशाला में ए.आई.सी.टी.ई द्वारा अनुमोदित एम.टेक के तीन स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम चल रहे हैं | एम.टेक(कंप्यूटर साइंस), एम.टेक(नेटवर्क मैनेजमेंट) एवं एम.टेक(सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग) के माध्यम से छात्र-छात्राओं को रिसर्च, शिक्षा क्षेत्र एवं आईटी इंडस्ट्री क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर प्राप्त हो रहे हैं |

वर्तमान में स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी के एम.टेक 2019 पास आउट कुछ छात्रों को 6 लाख तक का प्लेसमेंट ऑफर मिला है | यूनिवर्सिटी सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट के माध्यम से अभी तक 2020 बैच के छात्रों का कोगनम, फाइको एवं गामा स्टैक कम्पनियाँ में प्लेसमेंट हो चुका है | फाइको कंपनी द्वारा दो छात्रों को 7 लाख तक पैकेज ऑफर हुआ है | फाइको एक लोकप्रिय एनालिटिक्स सॉफ्टवेयर कंपनी है | अगस्त माह में अन्य कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ आने की संभावना है |